भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 17.10.2022

आरेडिका में फार्मासिस्टों का पहले राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में भारतीय रेलवे की राष्ट्रीय अकादमी के सहयोग से भारतीय रेलवे के फार्मासिस्टों के लिए दिनांक 17.10.2022 से 20.10.2022 तक 4 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महानिदेशक/रेलवे स्वस्थ्य सेवा रेलवे बोर्ड श्री प्रसन्ना कुमार, महानिदेशक/भारतीय राष्ट्रीय अकादमी श्रीमती चंद्रलेखा मुखर्जी(वर्चुअल माध्यम) एवं आरेडिका महाप्रबंधक श्री एस.एस.कलसी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सभी रेलवे जोनों, उत्पादन इकाइयों, आरडीएसओ और कोलकता मेट्रो के 126 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया है।

मुख्य अतिथि श्री प्रसन्ना कुमार ने भारतीय रेलवे के फार्मासिस्टों के लिए प्रशिक्षण पर जो दिया जिनकी संवर्ग संख्या 1800 है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे भारत में रणनीतिक स्थानों पर नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाएगें । फार्मासिस्टों की स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में बताया कि फार्मासिस्ट डाक्टर एवं रोगी के मध्य सेतु के रुप में कार्य करता है, और रोगियों के सीधे सम्पर्क में आता है दवाइयों को कैसे कब कितना लेना है के बारे में समझाता है। कोविड काल दौरान फार्मासिस्टों द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की साथ ही साथ उन्होने कहा आरेडिका द्वारा प्रदान किया गया आतिथ्य एवं उत्कृष्ट प्रशिक्षण सुविधाऐं सराहनीय हैं।

आरेडिका महाप्रबंधक श्री एस.एस.कलसी ने अपने सम्बोधन कहा कि, यह आरेडिका के लिए यह गौरव की बात है कि, फार्मासिस्टों के पहले राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सभी ढाँचागत सुविधाऐं प्रदान करने एवं आयोजन के लिए आरेडिका को चुना है। आगे इसी कडी में उन्होने कहा कि, आरेडिका द्वारा सभी आगुन्तक मेडीकल एक्सपर्ट एवं फार्मासिस्टों के लिए प्रशिक्षण की आधुनिक सुविधाऐं प्रदान की जा रही हैं। डीओपीटी गाइडलाइन के अनुसार भारतीय रेलवे प्रत्येक वर्ष 5 दिन के प्रशिक्षण व्यवस्था करता हैं जिससे दवाइयों के क्षेत्र में होने वाले शोधों के संबंध में अद्यतन किया जा सके ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय रेलवे की राष्ट्रीय अकादमी के प्रोफेसर, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, 5भारतीय रेलवे स्वस्थ्य सेवा के अधिकारी , बीएचयू वाराणसी से 1 प्रोफेसर, 3 सहायक फार्मेसी स्वास्थ्य अधिकारी भारतीय रेलवे के 11 फार्मासिस्ट प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इस प्रथम ऐतिहासिक कार्यक्रम में अधिकांश व्यक्ति अपनी स्वैच्छिक सेवा प्रदान कर रहे हैं।

इस अवसर पर विभिन्न रेलवे जोनों से आये चिकित्सा अधिकारी जैसे पीसीएमडी एनआर डा.सुगंधा राहा, पीसीएमडी एनसीआर डा.जे.पी.रावत पीसीएमडी एनईआर डा. आर.एन. चौधरी, ईडी हेल्थ रेलवे बोर्ड श्री के श्रीधर एवं नायर के डा. गिरीश वी कलमाडी, आरेडिका के पीसीएमओ श्री महेश कुमार सकरवाल, पीसीएमएम श्री एनडी राव सहित उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

(आर.एन.तिवारी) 17/10/2022

मुख्य जन संपर्क अधिकारी